पेज थ्री देहरादून

हमारा दून

देहरादून शुक्रवार 28 अगस्त 2020 पेज 8

मुख्य अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित करते हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### ड्रीम प्रोजेक्ट सूर्य धार झील का पर्यटन मंत्री ने किया निरीक्षण

**संवाददाता** डोईवाला। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के ड्रीम प्रोजेक्ट सूर्य धार झील का पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर निरीक्षण के दौरान कार्य में तेजी लाने के अधिकारियों को दिए निर्देश साथ ही स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनी। सूर्यधार झील बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सूर्य धार झील स्थानीय लोगों के साथ ही प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में कारगर होगा और इस झील के बनने से सीएम की विधानसभा डोईवाला के लगभग 2 दर्जन गांव को ग्रेविटी वाटर व सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

### बी डी रतूड़ी कोरोना पॉजिटिव, कार्यकर्ताओं ने की ठीक होने की प्रार्थना

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रान्ति दल के संरक्षक व पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष बी डी रतूड़ी कोरोना वायरस कोविड 19 की चपेट में आने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जल्द ही स्वस्थ होने की कामना की प्रार्थना की। दल के महानगर संयोजक सुनील ध्यानी ने बताया कि बी डी रतूड़ी को बीते दिनों को कोरोना पॉजिटिव की पुष्टि हो गयी थी तथा दून हॉस्पिटल में भर्ती हुए थे। राज्य सरकार कोरोना के लिये पूरी चाक चौबंद की बात तो करती है लेकिन रतूड़ी ने फोन के माध्यम से बताया कि सुचारू व्यवस्थाओं का अभाव है।

### आगंतुकों को बिना किसी पाबंदी के फ्री प्रवेश दिए जाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने भारत के अन्य राज्यों की भांति उत्तराखंड में भी देश के अन्य हिस्सों से आ रहे आगंतुकों को बिना किसी पाबंदी के फ्री प्रवेश दिए जाने की मांग उठाई है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा है कि अब देश के अधिकांश राज्यों में प्रवेश पत्रों के जरिए प्रवेश की आमतौर पर पाबंदी हटा दी गई हैं।

### लीला पैलेसेस, होटल्स ऐण्ड रिज़ॉर्ट्स के अतिथियों को मिलेगा बीएमडब्ल्यू का आतिथ्य

**संवाददाता** देहरादून। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने लीला पैलेसेस, होटल्स ऐण्ड रिज़ॉर्ट्स को 45 बीएमडब्ल्यू कारों की डिलिवरी की है। भारत की प्रमुख लग्जरी हॉस्पिटेलिटी ब्रांड के अतिथियों को उनके ठहरने के दौरान आधुनिकतम बीएमडब्ल्यू कारों की विलासिता का अनुभव मिलेगा। लीला पैलेसेस, होटल्स ऐण्ड रिज़ॉर्ट्स के बीएमडब्ल्यू बेड़े को बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज, बीएमडब्ल्यू 5 सीरीज और बीएमडब्ल्यू एक्स 5 के साथ अपडेट किया गया है, जो इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ आराम और सुरक्षा प्रदान करती हैं।

# कोरोना के दृष्टिगत मोहर्रम पर निकलने वाले जुलूस पर प्रतिबंध

**निर्देश**

- आदेश के उल्लंघन पर सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत होगी कार्यवाही
- एसओपी के अन्तर्गत किसी भी धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं को एकत्रित होने पर प्रतिबन्ध
- आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति नियमित व उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि कोविड–19 संक्रमण के नियंत्रण हेतु क्रियान्वित तालाबन्दी के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड शासन द्वारा तालाबन्दी (लॉकडाउन) की क्रमवार समाप्ति कर नवीन मानक प्रचालन विधि (एसओपी) में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत किसी भी धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं को एकत्रित होने पर प्रतिबन्ध है। भारत सरकार एवं उत्तराखण्ड सरकार द्वारा जारी गाइड लाईन के अनुसार समस्त धार्मिक गतिविधियों में जनमानस का एकत्रित होना प्रतिबन्धित है।

उक्त गाइड लाईन के परिपालन में कोविड–19 संक्रमण से सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद में 30 अगस्त 2020 को मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले जुलूस



मोहर्रम का जुलूस। (फाइल फोटो)

का प्रतिबन्धित किया गया है। आदेश के उल्लंघन की दशा में आपदा प्रबन्धन अधिनियम–2005 व उत्तराखण्ड महामारी अधिनियम, विनियमन, 2020 महामारी रोग अधिनियम 1897 एवं भारतीय दण्ड संहिता तथा अन्य अधिनियमों की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। उक्त अवसर पर जनपद क्षेत्रान्तर्गत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी द्वारा मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है, जिनमें सम्पूर्ण ऋषिकेश क्षेत्र हेतु उप जिलाधिकारी ऋषिकेश, सम्पूर्ण मसूरी क्षेत्र हेतु उप जिलाधिकारी मसूरी, सम्पूर्ण विकासनगर क्षेत्र (विशेषकर थाना सहसपुर) हेतु उप जिलाधिकारी विकासनगर, सम्पूर्ण चकराता/त्यूनी क्षेत्र हेतु उप जिलाधिकारी चकराताध्त्यूनी, सम्पूर्ण डोईवाला क्षेत्र हेतु उप जिलाधिकारी डोईवाला, सम्पूर्ण सदर क्षेत्र (विशेषकर थाना रायपुर क्षेत्र) हेतु उप जिलाधिकारी सदर, सम्पूर्ण देहरादून क्षेत्र (विशेषकर थाना पटेलनगर क्षेत्र) नगर मजिस्ट्रेट देहरादून, सम्पूर्ण कालसी क्षेत्र हेतु उप जिलाधिकारी कालसी को तैनात किया गया है।

जिलाधिकारी ने तैनात किये गये सभी मजिस्ट्रेटों को अपने–अपने आवंटित क्षेत्रों में मोहर्रम त्यौहार को शान्तिपूर्वक ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने तथा इस अवसर पर आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति नियमित व उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था बनाये रखने एवं अद्यतन स्थिति से अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन तथा जिलाधिकारी को अवगत कराने के निर्देश दिये।

### बिजली, पानी की दरों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी को वापस लिये जाने की मांग

देहरादून। लगातार बिजली, पानी की दरों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी किये जाने के विरोध में उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। दल के महानगर संयोजक सुनील ध्यानी के नेतृत्व में दल के कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और वहां पर प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करते हुए इस बढ़ोत्तरी को वापस लिये जाने की मांग की है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कोरोना वायरस कोविड–19 वैश्विक महामारी के कारण आमजन के साथ व्यवसाय पर बुरा असर पड़ा है। जहाँ एक तरफ लोगों की रोजगार बुरी तरह प्रभावित हुए है और दूसरी तरफ व्यवसायियों ओर रोजी रोटी का संकट छा गया। सरकार को जहाँ आमजन को राहत देनी चाहिये थी इसके उलट सरकार द्वारा बिजली पानी के दरों में बढ़ोत्तरी की गई है। वक्ताओं ने कहा कि आमजन पर इस कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण काल मे उनके जेबों में डकैती का काम सरकार कर रही है। इससे ऐसा लगता है कि सरकार ने शोषण को ही विकास का पैमाना मान रही है।

# हर जनपद से एक विशेष उत्पाद का चयन किया जाएगा

**बैठक**

- नगर विकास मंत्री मदन कौशिक ने राज्य का पक्ष रखा

देहरादून। **संवाददाता**



भारत सरकार के उद्योग और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ऑनलाइन, आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिये एक जनपद से एक उत्पाद का चुनाव करने विषय पर बैठक लिया है। राज्य सरकार की तरफ से नगर विकास मंत्री मदन कौशिक ने राज्य का पक्ष रखा।

इस संदर्भ में भारतीय अर्थव्यवस्था में उत्तराखण्ड का योगदान बढ़ाने और निर्यात में योगदान वृद्धि के लिये योजना बनाई जाएगी। इसके लिये प्रत्येक जनपद से एक विशेष उत्पाद का चयन किया जाएगा। उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में शहद, मशरूम, फार्मा कम्पनी और हर्बल उत्पादन में विशेष योगदान दे रहे हैं। प्रत्येक जनपद से चयनित उत्पाद को भारत सरकार विशेष सब्सिडी देगा।

मदन कौशिक ने उत्तराखण्ड का पक्ष रखते हुए कहा कि राज्य के सर्विस सेक्टर के क्षेत्र में आयुर्वेद, स्पा, वेलनेस, ईको–टूरिज्म, एडवेंचर के क्षेत्र में विभिन्न कार्य कर रहा है। यह कार्य समपूर्ण राज्य में हो रहा है, अतः जनपद के स्थान पर सम्पूर्ण राज्य को इस योजना में शामिल किया जाए। इसके अलावा, कृषि एवं उद्यान में वैली के आधार पर विशेष उत्पाद का चुनाव भी योजना में शामिल करने का अनुरोध किया गया है।

बैठक में बताया गया कि उत्तराखण्ड हिमालयी राज्यों में, एक्सपोर्ट रैंकिंग में उत्तराखंड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य की एक्सपोर्ट पालिसी बना दी गयी है और एक्सपोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर दिया गया है। सिंगल विंडो स्कीम के तहत मुख्यमंत्री स्व–रोजगार योजना में कोविड के प्रभाव से रोजगार देने के लिए 24000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

बैठक में सचिव हरबंस सिंह चुघ, एस.ए. मुरुगेशन, उद्योग विभाग के निदेशक सुधीर नौटियाल एवं उपनिदेशक अनुपम त्रिवेदी मौजूद थे।

### केंट श्रमिक संघ ने तालाबंदी करते हुए कार्य बहिष्कार किया

**संवाददाता** देहरादून। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों न माने जाने के विरोध में कैंट श्रमिक संघ ने छावनी बोर्ड कार्यालय पर तालाबंदी करते हुए कार्य बहिष्कार किया। आज कैंट श्रमिक संघ से जुड़े हुए कर्मचारी छावनी बोर्ड में इकट्ठा हुए और वहां पर अपनी मांगों के समाधान के लिए प्रदर्शन करते हुए तालाबंदी की और कार्य बहिष्कार शुरू करते हुए धरना दिया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार ने कहा कि लगातार उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है और कोरे आश्वासन दिये गये और पदाधिकारियों के बार बार कहने के बाद आज तक छा.नी कार्यालय परिसर में संघ के कार्यालय हेतु कोई स्थान उपलब्ध नहीं कराया गया है जिसे तत्काल उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने कहा कि पूर्व में निर्धारित था कि कैंट कर्मचारी संघ के विकास हेतु विभाग द्वारा कैंट कर्मचारियों से वार्षिक सदस्यता शुल्क सौ रूपये प्रति की दर से अनिवार्य रूप से प्राप्त किया जाये।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।